प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उद्योगपति गौतम अदाणी ने की मुलाकात, झारखंड के औद्योगिक विकास और निवेश पर हुई चर्चा।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के उच्च शिक्षा सचिव के खिलाफ जारी किया अवमानना का नोटिस, नौ मई को सशरीर कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश।
3. नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, पश्चिमी सिंहभूम में 28 आईईडी समेत भारी मात्रा में गोला बारुद बरामद, हजारीबाग में एक उग्रवादी गिरफ्तार।
4. धनबाद में कोयला कारोबारी के ठिकानों पर इडी का छापा, जीएसटी में गड़बड़ी का आरोप, दस्तावेजों की हुई जांच।
5. हरियाणा ने जीता राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का खिताब, झारखंड को तीसरा स्थान, मिनी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में राज्य ने जीते छह पदक।

****************

देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति गौतम अदाणी ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब दो घंटे तक चली बैठक में झारखंड के औद्योगिक विकास, निवेश की संभावनाओं और चल रही परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

****************

भारतीय जनता पार्टी ने विधि व्यवस्था के सवाल पर फिर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि सरकार कानून व्यवस्था समेत सभी मोर्चों पर विफल है। झारखंड में एकमात्र विकल्प राष्ट्रपति शासन ही है।

कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने इस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कच्छप ने कहा कि राज्य में अपराध की मूल वजह जमीन विवाद है।

****************

झारखंड हाइकोर्ट में वर्ष 1987 से कार्यरत स्नातक लैब सहायकों को डेमोस्ट्रेटर के पद का लाभ देने को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार को अवमानना का नोटिस जारी किया है। अदालत ने उन्हें सशरीर हाजिर होने का आदेश देते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि नौ मई को निर्धारित की है।

****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सलियों की साजिश सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दी है। सर्च ऑपरेशन चलाकर पुलिस ने नक्सली डंप को ध्वस्त किया है। यहां से गोला–बारूद समेत कई विस्फोटक सामग्री बरामद की गयी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि अभियान के दौरान 28 ज़िंदा आईईडी समेत भारी मात्रा में गोला–बारुद बरामद किये गये। बम निरोधक दस्ते ने जंगल में ही विस्फोटकों को नष्ट कर दिया।

****************

उधर, हजारीबाग के उरीमारी में पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के सदस्य राजन गंझू को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि राजन गंझू ने न्यू बिरसा प्रोजेक्ट में पेलोडर मशीन में आग लगाई थी।

****************

धनबाद के प्रमुख कोयला कारोबारी अनिल गोयल के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने छापेमारी की। यह कार्रवाई मनईटॉड गोल बिल्डिंग स्थित उनके आवास और कार्यालय पर की गई। इस दौरान ईडी की टीम ने गोयल के कारोबार से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह छापेमारी जीएसटी में गड़बड़ी को लेकर की गयी है। हालांकि ईडी अधिकारियों की ओर से कार्रवाई के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

****************

देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र से पुलिस ने 10 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है और दो किशोरों को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 16 मोबाइल फोन और 15 सिम कार्ड समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

उधर, जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से भी तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर ने इसकी पुष्टि की है।

****************

साहिबगंज जिले के कृषि यंत्र वितरण योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिल रही है।

****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- केंद्र सरकार के दफ्तरों में शनिवार और रविवार को छुट्टी होती है। लेकिन इस बार शनिवार और रविवार को देशभर में सीजीएसटी और इनकम टैक्स के दफ्तर खुले रहेंगे। साथ ही सोमवार को ईद के दिन भी इन दफ्तरों में कामकाज होगा।
- रिजर्व बैंक के नए आदेश के अनुसार एक मई से हर महीने पांच मुफ्त ट्रांजेक्शन के बाद ग्राहकों से एटीएम बैंकिंग सेवाओं के लिए प्रति ट्रांजैक्शन 23 रुपये का शुल्क लिया जाएगा। पहले यह रकम 21 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन निर्धारित की गई थी।
- खूंटी जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र स्थित रिमिक्स फॉल में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रांची के कोकर निवासी शुभम कुमार यादव और राज कुमार यादव के रूप में हुई है।

****************

मौसम विभाग ने राज्य में कल से तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इससे लगातार बढ़ रही गर्मी से लोगों को राहत मिल सकती है।

****************

हरियाणा ने ओडिशा को करीबी फाइनल मुकाबले में 3–2 से हरा कर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का खिताब जीत लिया है। प्रतियोगिता में मेजबान झारखंड ने मध्यप्रदेश को 1–0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

उधर, विजयवाड़ा में संपन्न मिनी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड के तीरंदाजों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीते।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जस्टिस वर्मा का तबादला, न्यायिक कार्य नहीं सौंपने का सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– खूंटी के रीमिक्स फॉल में नहाने के दौरान कोकर के दो सगे भाई डूबे, मौत।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– सीजीएल परीक्षाः झांसा देकर कई छात्रों को ले जाया गया था नेपाल।

दैनिक जागरण लिखता है– पेंशनरों और अधिवक्ताओं के लिए एक मई से शुरु होगी स्वास्थ्य बीमा योजना।

****************